**दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर–273009**

**Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur-273009**

(Accredited A++ by NAAC)

**पत्रांक : सम्बद्धता/2025/06/6768** **दिनांक : 18/06/2025.**

**महत्वपूर्ण**

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबन्धक
समस्त, संबंधित महाविद्यालय
सम्बद्ध– दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

**विषय– शैक्षिक सत्र 2025–26 में बी0ए0–एलएल0बी0 एवं एलएल0बी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश एवं संचालन के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि सम्बद्ध महाविद्यालयों में बी0ए0–एलएल0बी0 एवं एलएल0बी0 पाठ्यक्रम प्रस्तावित अथवा पूर्व से संचालित ऐसे महाविद्यालयों में संदर्भित पाठ्यक्रम की सम्बद्धता उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 37(2) के अधीन मा0 कार्यपरिषद की स्वीकृति के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया जाता है।

सूच्य है कि संबंधित महाविद्यालयों को बी0ए0–एलएल0बी0 एवं एलएल0बी0 पाठ्यक्रम के संचालन हेतु परामर्शी निकाय बी0सी0आई0 (भारतीय विधिज्ञ परिषद्) द्वारा भी औपचारिक स्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य होता है।

मा0 कुलपति जी के आदेश दिनांक 17.06.2025 के क्रम में एल–एल0बी0 (त्रि–वर्षीय) एवं एल–एल0बी0 (पंच–वर्षीय) पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2025–26 में विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु यदि महाविद्यालय द्वारा बी0सी0आई0 में सत्र 2025–26 की मान्यता हेतु शुल्क जमा किया गया है, तो ऐसे महाविद्यालय जमा किये गये शुल्क का विवरण एवं नोटराज्ड शपथपत्र पर सूचना अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। जिससे विद्यार्थियों का प्रवेश नियमानुसार सुनिश्चित किया जा सके।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि शैक्षिक सत्र 2025–26 में बी0ए0–एलएल0बी0 एवं एलएल0बी0 पाठ्यक्रम की सम्बद्धता एवं नियमानुसार कक्षा संचालन विश्वविद्यालय से प्राप्त कर छात्रों का प्रवेश लेने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डी0के0 श्रीवास्तव)
कुलसचिव

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1 समन्वयक, आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं समस्त महाविद्यालयों की लॉगइन में प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
2 प्रभारी सचिव कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3 वैय0 सहायक कुलसचिव।

कुलसचिव

------